**बिहार सरकार**
**लघु जल संसाधन विभाग,**
**मुख्यालय अनुश्रवण**

संचिका संख्याः—ल0सिं0(मो0)निविदा परिवाद—338 / 25 - 25 (मो0) / पटना,दिनांकः-05.1.2026

प्रेषक,

**ई0 राजेश कुमार**
**अधीक्षण अभियंता (मु0),**
**अनुश्रवण,**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

सेवा में,

**मुख्य अभियंता,**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

विषयः—**दिनांक 05.01.2026 को सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही के संबंध में।**

महाशय,

दिनांक 05.01.2026 को सचिंव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना की अध्यक्षता में आहूत विभागीय निविदा समिति की बैठक में मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना से प्राप्त निविदा की समीक्षा की गई—

| क्र0 सं0 | प्रमंडल का नाम | निविदा आमंत्रण सूचना संख्या | ग्रुप संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गया जी | 10 / 2025—26 | 04 | परिवाद |

विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही संलग्न करते हुए अनुरोध है कि निर्णय का अनुपालन कर नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई करते हुए E-Proc-2 पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

अनु0—कार्यवाही की प्रति।

विश्वासभाजन

05/01/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

ज्ञापांक— 25 (मो0) / पटना, दिनांक-05.1.2026

प्रतिलिपि— आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय Website पर अपलोड करने हेतु प्रेषित / सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अनु0—कार्यवाही की प्रति।

05/01/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

D:\ASHUTOSH\ASHUTOSH-2026\JANUARY\LETTER-NIVIDA BAITHAK KARWAHI-GAYA-GAJIPUR.DOCX

ज्ञापांक– 25 (मो0) /पटना, दिनांक–05.1.2026

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता (यो0+अनु0+भूगर्भ), लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

05/01/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

ज्ञापांक– 25 (मो0) /पटना, दिनांक–05.1.2026

प्रतिलिपि– अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

05/01/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

**बिहार सरकार**
**<u>लघु जल संसाधन विभाग</u>**

**दिनांक 05.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

लघु सिंचाई प्रमण्डल, गया जी अन्तर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10/2025–26, ग्रुप संख्या–04, **(टेंडर आई०डी०–110546) गाजीपुर आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य** में मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के स्तर पर गठित तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति के निर्णय पर प्राप्त परिवाद हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही–

**उपस्थिति–**

(i) श्री बी0 कार्तिकेय धनजी, सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
(ii) ई0 सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।
(iii) ई0 सुनील कुमार, मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।
(iv) श्री निर्भय कुमार, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।
(v) ई0 राजेश कुमार, अधीक्षण अभियंता (मु0) अनुश्रवण, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

2. **परिवाद**– मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना अन्तर्गत गठित तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति की कार्यवाही दिनांक 15.09.2025 पर **(i) मेसर्स विष्णु आराध्या कन्स0 प्रा0 लि0, जहानाबाद (ii) श्रेयस कन्स0 प्रा0 लि0, रूपसपुर, बेली रोड, दानापुर, पटना एवं (iii) छोटिया कन्स0 प्रा0 लि0 पूर्वी गांधी मैदान, जहानाबाद** के द्वारा परिवाद दिया गया है।

3. **अभियंता प्रमुख स्तर पर गठित परिवाद समिति की समीक्षा**– विभागीय पत्रांक–150 (मो0) दिनांक–05.02.2025 के आलोक में अभियंता प्रमुख स्तर पर गठित परिवाद समिति द्वारा प्राप्त परिवादों की समीक्षा कर अनुशंसा की गई है, समीक्षा एवं मंतव्य निम्नवत् है:–

**(i) मेसर्स विष्णु आराध्या कन्स0 प्रा0 लि0, जहानाबाद** के द्वारा दिये गये परिवाद की समीक्षा की गयी। परिवाद **श्रेयस इन्फ्राटेक प्रा0 लि0 (OPC) दानापुर, पटना के** द्वारा निविदा में संलग्न किये गये कंक्रीट मिक्सचर मशीन के अभिलेख से संबंधित है। कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गया जी के पत्रांक 6544 दिनांक 01.11.2025 के द्वारा इस अभिलेख का सत्यापन कर मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक 3675 दिनांक 27.11.2025 के द्वारा अग्रतर कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया गया है। निविदा में संलग्न कंक्रीट मिक्सचर मशीन के अभिलेख का सत्यापन विक्रेता के द्वारा किया है और इसे सही बताया गया है। अतएव परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है।

**(ii) श्रेयस कन्स0 प्रा0 लि0, रूपसपुर, बेली रोड, दानापुर, पटना** द्वारा निविदा में संलग्न किये गये कंक्रीट मिक्सचर मशीन के अभिलेख से संबंधित है। कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गया जी के पत्रांक 6544 दिनांक 01.11.2025 के द्वारा इस अभिलेख का सत्यापन कर मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक 3675 दिनांक 27.11.2025 के द्वारा अग्रतर कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया गया है। निविदा में संलग्न कंक्रीट मिक्सचर मशीन के अभिलेख का सत्यापन विक्रेता के द्वारा किया है और इसे सही बताया गया है। अतएव परिवाद के इस बिन्दु को मान्य किया जाता है।

**(iii) छोटिया कन्स0 प्रा0 लि0 पूर्वी गॉधी मैदान, जहानाबाद** से प्राप्त परिवाद की समीक्षा की गई। परिवाद ओम शक्ति कन्स0, वजीरगंज, गया के द्वारा Existing Commitment को छुपाकर निविदा में भाग लेने से संबंधित है। परिवाद के साथ संलग्न साक्ष्य का सत्यापन कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गया जी के पत्रांक 7047 दिनांक 23.12.2025 के द्वारा कराया गया। जिसे मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक 3870 दिनांक 24.12.2025 द्वारा अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया गया है। उप प्रबंधक तकनीकी (असैनिक) बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, रोहतास का पत्र संलग्न किया गया है जिससे स्पष्ट है कि ओम शक्ति कन्स0 को शिक्षा भवन का कार्य आवंटित है एवं इनके द्वारा कार्य कराया जा रहा है परन्तु इनके द्वारा निविदा में इस तथ्य को छिपाते हुए Existing Commitment शून्य दर्शाया गया है। जो सर्वथा गलत है। अतएव छोटिया कन्स0 प्रा0 लि0 पूर्वी गॉधी मैदान, जहानाबाद से प्राप्त परिवाद को मान्य किया जाता है।

**4. विभागीय निविदा समिति का निर्णय**– अभियंता प्रमुख स्तर पर गठित परिवाद समिति की समीक्षा एवं मंतव्य से सहमत होते हुए निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10/2025–26, ग्रुप संख्या–04, **(टेंडर आई०डी०–110546) गाजीपुर आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य** हेतु–

**(i) मेसर्स विष्णु आराध्या कन्स0 प्रा0 लि0, जहानाबाद** से प्राप्त परिवाद को अमान्य किया जाता है। फलतः **श्रेयस इन्फ्राटेक प्रा0 लि0 (OPC) दानापुर, पटना** का तकनीकी निविदा मान्य होगी।

**(ii) श्रेयस कन्स0 प्रा0 लि0, रूपसपुर, बेली रोड, दानापुर, पटना** से प्राप्त परिवाद को मान्य किया जाता है। फलतः इनकी तकनीकी निविदा मान्य होगी।

**(iii) छोटिया कन्स0 प्रा0 लि0 पूर्वी गाँधी मैदान, जहानाबाद** से प्राप्त परिवाद को मान्य किया जाता है। फलतः **ओम शक्ति कन्स0, वजीरगंज, गया** का तकनीकी निविदा अमान्य होगी।

**5.** विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही को e-proc website पर निर्णय प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर डाला जाए।

(राजेश कुमार)
अधीक्षण अभियंता
(मु0) अनुश्रवण
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

(निर्भय कुमार)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

(सुनील कुमार)
मुख्य अभियंता
लघु जल संसाधन विभाग,
पटना।

(सुनील कुमार)
अभियंता प्रमुख
लघु जल संसाधन विभाग,
पटना।

(बी0 कार्तिकेय धनजी)
सचिव
लघु जल संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।